रजि. नं. : 124 सन् 1961–62

जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर

कार्यालय : महर्षि भृगु सदन, सुन्दर मार्ग, तिलक नगर, जयपुर – 302004
फोन : 0141 – 2622222

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी(5)(vi) के अन्तर्गत आयकर आयुक्त, जयपुर द्वितीय, जयपुर के पत्रांक आ० आ०/ जेपीआर–11/आ०अ०(त० एवं न्या०)/28/ 2010–11/351 दिनांक 02–06–2010 द्वारा आयकर में छूट

अध्यक्ष :
नरेश भार्गव (भार्गव लोढा)
एस–250, महावीर नगर, टोंक रोड़
जयपुर – 302018
फोन : (ओ.) 2550711, 2550115
(नि.) 2551694 (मो.) 9314949400

सचिव :
संजय भार्गव
डी–90, विनोभा मार्ग, निर्माण नगर
जयपुर – 302019
फोन :(ओ.) 2225792
(नि.) 2810507 (मो.) 9414076842

उपाध्यक्षः
नरेन्द्र नाथ भार्गव
श्रीमती रमा भार्गव
विनोद भार्गव

संयुक्त सचिव :
अनिल भार्गव(फूल)
दीपक भार्गव

कोषाध्यक्ष
श्री अनिल भार्गव (गांधीनगर)

खेल सचिवः
जितेन्द्र कुमार भार्गव

सांस्कृतिक सचिवः
श्रीमति रूची भार्गव

लेखा परीक्षक :
समीर भार्गव

सदस्य कार्यकारिणीः
जोन–1 अमित कुमार
जोन–2 राकेश भार्गव
जोन–3 अतुल भार्गव
जोन–4 उपेन्द्र कुमार
जोन–5 विष्णु भार्गव
जोन–6 मुकेश भार्गव
जोन–7 ए.के भार्गव
जोन–8 अशोक कुमार
जोन–9 राजकुमार भार्गव
जोन–10 अजय प्रकाश
जोन–11 विपिन भार्गव
ज़ोन–12 श्रीमती रुक्मणी
ज़ोन–13 अशोक भार्गव
जोन–14 विकास भार्गव
जोन–15 अपराजित भार्गव
जोन–16 अजय भार्गव

सहवरित सदस्य
1. हेमन्त भार्गव
2. मनोज भार्गव
3. अनिल भार्गव (गोपालपुरा)
4. पंकज भार्गव
5. प्रदीप भार्गव

ढोसी धाम यात्रा

च्यवन ऋषि की पावन एवं पवित्र तपोभूमि पर अ.भा.भा. सभा के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक भंडारे के शुभ अवसर पर जयपुर भार्गव सभा, भार्गव महिला सभा एवं भार्गव युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 4 दिसंबर, 2011 को दो बस एवं आठ कारों में लगभग 135 सदस्यों ने यात्रा का आनंद लिया । महर्षि भृगु सदन से प्रातः 7.00 बजे भगवान के जयकारे के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ । भजन एवं गीत–संगीत का आनंद लेते हुए करीब 12 बजे " ढोसी " पहुॅचना हुआ। हमेशा की तरह महेन्द्रगढ के भार्गव परिवार द्वारा आतिथ्य सत्कार ने सभी को भाव–विभोर कर दिया, चाय–छाछ–गाजर–मूली एवं गर्मागर्म पोहे ग्रहण कर सभी ने आनंद लिया । सभा की तरफ से भार्गव परिवार को शुभकामनाएँ धन्यवाद एवं उनके द्वारा किये गये पुनीत कार्य के लिये साधुवाद करते है।

दोपहर 12.30 बजे लगभग 80 सदस्यों ने ढोसी पर्वत पर चढाई की शुरूआत की, रास्ता कठिन एवं विकट था लेकिन भार्गव समाज की जन्मस्थली एवं भगवान च्यवन ऋषि के पवित्र मंदिर एवं तपोवन की दर्शन की लालसा ने रास्ते को सुगम एवं सरल बना दिया ।

मंदिर पहुॅच कर भगवान के दर्शन एवं प्रसादी ग्रहण कर सभी ने अपने आप को धन्य किया । कई श्रद्वालु ने मनसा माता के दर्शन भी किये, च्यवन ऋषि ने जहॉ कठोर तप किया था उस स्थान (गुफा) के भी सभी ने दर्शन किये। मंदिर में हुए विकास कार्य एवं सुविधाओं की सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की ,मारकरी बाबा द्वारा चाय एवं पकौड़ी का रसास्वादन कर सभी ने आर्शीवाद लिया । मंदिर के आसपास का दृश्य बहुत ही मनमोहक एवं लुभावना है। विकास कार्य करने के लिये हम हेरिटेज उपसमिति के सदस्यों का आभार प्रकट करते है। साथ ही भारतवर्ष में निवास कर रहे सभी जातीय बंधुओं से आग्रह करते है कि जन्मस्थली एवं पावन भूमि के दर्शन करने अवश्य आये।

दर्शन करके वापस नीचे आकर भंडारे को आनंद लिया । इस अवसर पर भंडारे को सम्पूर्ण आयोजन जयपुर भार्गव सभा के अध्यक्ष श्री नरेश भार्गव (भार्गव लोढा) द्वारा किया गया था । श्री नरेश जी को हम सभी उनके द्वारा किये गये पुण्य कार्य के लिये आभार व्यक्त करते है।

वार्षिक भंडारे के शुभ अवसर पर मुक्तानंद नगर निवासी श्री नरेश एवं श्रीमती चारू द्वारा अपने माता–पिता स्व. श्री बनवारी लाल जी एवं स्व. श्रीमती राजकुमारी जी को श्रद्वा सुमन अर्पित करते हुए उनकी स्मृति में प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया। यहॉ मैं बताना चाहूंगा कि प्रवेश द्वार जो कि ढोसी पर्वत जहॉ से शुरू होता है वहॉ बनाया गया है, RCC कॉलम पर चारों तरफ करोली स्टोन जिस पर सुन्दर बेलबूटे बने हुए है, लगाये गये है, द्वार के उपर (सुन्दर कलाकृति) राजस्थानी शैली में बनी हुई छतरियों का निर्माण किया हुआ है, जिसमें मध्य वाली छतरी में भगवान च्यवन ऋषि की मूर्ति की स्थापना की गई है, एवं दोनो तरफ नरेश जी (मुक्तानंद नगर) के माता–पिता की मूर्ति स्थापित की गई है।

अ.भा.भा. सभा के प्रधान श्री मनमोहन जी द्वारा मूर्ति का अनावरण किया गया। श्री नरेश (मुक्तानंद नगर) एवं उनके परिवार जन एवं पूर्व प्रधान श्री विजयनारायण जी, श्री सुरेश जी, प्रधान सचिव श्री हीरेन्द्रनाथ भार्गव, हेरिटेज उपसमिति की संयोजिका श्रीमती नीरा भार्गव, जयपुर भार्गव सभा के अध्यक्ष श्री नरेश जी एवं उपस्थित सभी सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति में द्वार का फीता काटकर एवं पूजा अर्चना कर विधिवत उद्घाटन किया गया । उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रवेश द्वार को बनाने के लिये श्री नरेश–श्रीमती चारू का करतल ध्वनि से स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया साथ ही उपरोक्त कार्य को प्रेरित करने के लिये रमाप्रकाश जी, तकनीकी सहायता एवं डिजाइनिंग कार्य के लिये आर्किटेक्ट श्री आशुतोष भार्गव एवं संजय भार्गव (जयपुर) को भी धन्यवाद दिया गया ।

उपरोक्त अवसर पर दिल्ली, गुड़गॉव, महेन्द्रगढ, अलवर,रेवाड़ी, जयपुर एवं अन्य शहर से गणमान्य सदस्य पधारे थे। सभी ने एवं आसपास के गॉव वालों ने भण्डारे का आनंद लिया ।

वार्षिक भंडारे एवं प्रवेश द्वार का निर्माण करने में सहयोग के रूप में क्रमशः 50,000 रूपये एवं 3,75,000 रूपये श्री नरेश (भार्गव लोढा) एवं श्री नरेश (मुक्तानंद नगर) द्वारा किये जाने पर जयपुर समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हम उनके प्रति, किये गये पुनीत कार्यो के लिये, हृदय से आभार प्रकट करते है।